**Regarding scarcity of drinking water in Sikar Parliamentary Constituency, Rajasthan ? Laid**

श्री अमरा राम **(सीकर) :** सीकर लोकसभा क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोग पेयजल की भयंकर समस्या का सामना कर रहे है । देश की सरकार द्वारा हर घर नल से जल पहुंचाने हेतु जल जीवन मिशन योजना 2019 से लागू की जा रही है, यहां मेरे क्षेत्र की 80% जनता टैंकरों से पानी खरीद कर अपने एवं अपने पशुओं की प्यास बुझा रही है और उस में भी फ्लोराइड ओर टीडीएस अधिक मात्रा के कारण अनेक बीमारियों की शिकार हो रही है । सीकर एवं झुंझुनू जिले की पेयजल योजना 7900 करोड़ रुपए की है लेकिन अभी तक केवल घोषणा ही है । इसका कार्य अतिशीघ्र शुरू करके प्यासी जनता को पेयजल उपलब्ध करवाया जाए । आजादी के 8 दशक बाद भी शेखावाटी की जनता प्यासी है जिसने देश की सुरक्षा में सबसे ज्यादा शहादत देने वाला अग्रणी इलाका है ।